## "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (ई-नाम) योजना :

राष्ट्रीय कृषि बाजार (e-NAM) एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है जो कृषि वस्तुओं के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाने के लिए मौजूदा APMC मंडियों के नेटवर्क को जोड़ता है। राष्ट्रीय कृषि बाजार (e-NAM) योजना मध्य प्रदेश में दिनांक 14 अप्रैल, 2016 से किसानों को लाभकारी कीमतों के साथ सुविधा प्रदान करने के लिए ऑनलाइन पारदर्शी प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है |

- e-NAM पोर्टल APMC से संबंधित सभी सूचनाओं और सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सेवा प्रदान करता है । ई-नाम अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से त्वरित ई-पेमेंट की जा सकती है |
- म०प्र०राज्य में वर्तमान में 139 मंडियाँ ई-नाम योजना में जुडी हुई है | राज्य की समस्त ई-नाम मंडी समितियों में ई-नाम अंतर्गत कृषि उपज की गुणवत्ता परख हेतु असेयिंग लैब स्थापित है | ई-नाम योजना अंतर्गत ई-नाम पोर्टल के माध्यम से एडवांस गेट लॉट एंट्री, लॉट ट्रैकिंग, कृषि उपज की 360० फ़ोटो अपलोड आदि की जा सकती है |
- ई-नाम पोर्टल पर समस्त हितधारकों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न प्रकार के module FPO, Farmgate, वेयरहाउस, Weather forecast आदि module उपलब्ध हैं |
- हाल ही में भारत सरकार ने ई-नाम पोर्टल पर "प्लेटफॉर्म ऑफ प्लेटफॉर्म्स" (POP) सेवाओं का शुभारंभ किया। POP कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक नई पहल है, जिसमें निजी प्लेटफॉर्म सेवाओं (ट्रेडिंग सर्विसेज, एसेइंग सर्विसेज, वेयरहाउसिंग सर्विसेज, ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज, फिनटेक सर्विसेज, एग्री-एडवाइजरी सर्विसेज, सॉर्टिंग और ग्रेड़िंग सर्विसेज, मार्केट इंफॉर्मेशन, एग्री इनपुट / एग्रीगेटर्स और संस्थागत खरीदार) को एकीकृत किया गया है।